# 1 जुलाई को आयेंगे सीएम, देंगे सौगात

## 3,941 किसानों को मिलेगी 2 .82 करोड़ रुपये से अधिक की प्रोत्साहन राशि, विभिन्न विकास कार्यों का मुख्यमंत्री डॉ यादव के हस्ते होगा लोकार्पण

**सिवनी नवभारत। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का 01 जुलाई को सिवनी आगमन प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री डॉ यादव जिले में आयोजित धान महोत्सव कार्यक्रम में शामिल होंगे। यह आयोजन कृषि, श्रीअन्न (मिलेट्स) संवर्धन और विकास कार्यों को समर्पित होगा, जिसमें बड़ी संख्या में किसान, जनप्रतिनिधि एवं आमजन शामिल होंगे।**



कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री डॉ यादव जिले के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे। साथ ही विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण भी किया जाएगा।

कार्यक्रम का आकर्षण विभिन्न विभागों द्वारा लगाई जाने वाली थीम आधारित विकास प्रदर्शनी भी रहेगी। प्रदर्शनी में धान बुवाई के कृषि यंत्र, प्राकृतिक बीजों की प्रदर्शनी, कस्टम हायरिंग सेंटर, प्राकृतिक एवं नैचुरल फार्मिंग मॉडल, जीआई टैग प्राप्त सीताफल एवं मिलेट्स उत्पाद, पीएमएफएमई उत्पाद, आम की विभिन्न किस्में, स्व-सहायता समूहों द्वारा निर्मित हस्तशिल्प एवं मिट्टी कला उत्पाद, लघु वनोपज, स्थानीय उद्यमियों के उत्पाद तथा पोषण आहार का प्रदर्शन किया जाएगा। इसके साथ ही कृषिका एप की जानकारी भी किसानों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र होंगे। प्रदर्शनी के माध्यम से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं, नवाचारों और उपलब्धियों की जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाएगी।

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के प्रस्तावित आगमन को लेकर कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा कार्यक्रम स्थल, हेलीपैड, सुरक्षा, बैठक व्यवस्था, पार्किंग, पेयजल, विद्युत, यातायात तथा अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

### मिलेगी प्रोत्साहन राशि

इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ यादव द्वारा सिंगल क्लिक के माध्यम से कोदो एवं कुटकी उत्पादक प्रदेश के 3,941 किसानों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से 2 करोड़ 82 लाख 99 हजार 300 की प्रोत्साहन राशि भी अंतरित की जाएगी। यह राशि 1,000 रूपये प्रति क्विंटल की दर से प्रदान की जा रही है, जिससे श्रीअन्न उत्पादन को बढ़ावा मिलने के साथ किसानों को आर्थिक संबल मिलेगा।

## आपसी रंजिश में चाकूबाजी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**सिवनी नवभारत।** चौकी बादलपार पुलिस ने चाकूबाजी की घटना के मुख्य आरोपी जोगीवाड़ा निवासी हर्ष पाल को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार, आपसी रंजिश के चलते हर्ष पाल ने देवीशंकर पाल पर चाकू से हमला कर दिया था। घटना के दौरान ग्रामीणों ने बीच-बचाव कर बड़ी अनहोनी टाल दी। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। घटना के बाद से फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त चाकू और मोटरसाइकिल भी जब्त कर ली गई है। चौकी बादलपार पुलिस की इस कार्रवाई की क्षेत्रवासियों ने सराहना की है।

## आकाशीय बिजली से युवा की मौत

दूसरी घटना में आकाशीय बिजली से जलकर राख हुआ सामान

**धारनाकला नवभारत।** धारना कला के समीपी ग्राम नान्दी मे आकाशीय बिजली गिरने से जहा नौजवान युवक की मौत हो गई वही दूसरी घटना मे घर के उपर आकाशीय बिजली गिरने से घर के अन्दर रखे सामान के साथ सोने चांदी के जेवरात भी जलकर राख हो गये



प्राप्त जानकारी के अनुसार नान्दी ग्राम का सोनू बरमैया अपने खेत से कृषि कार्य से निवृत्त होकर घर लौटा था तथा भोजन करने के पूर्व हाथ पैर धोने के लिये पीछे आगंन मे निकला ही था की अचानक गर्जना के साथ आकाशीय बिजली गिरने से उसकी मौत हो गई वही दूसरी घटना धारनाकला के समीपी ग्राम लालपुर की है जहा मानसिह हरिनखेडे के घर मे आकाशीय बिजली गिरने से मकान की दीवारे तो छति ग्रस्त हुई ही साथ ही घर के अन्दर रखी लकडी की पेटी के उपर बिजली गिरने से आग लग गई तथा पेटी मे रखा एक से डेढ तोला सोना तथा पच्चीस से तीस तोला चांदी जलकर राख हो गई

### ग्राम में छाया मातम

यहा यह बताना भी लाजिमी है की ग्राम नान्दी निवासी सोनू बरमैया सभी से मिलनसार युवक था तथा हर वक्त लोगो के अच्छे बुरे समय मे लोगो के साथ खडा नजर आने वाला युवक था यही कारण है की जैसे ही सोनू बरमैया की मौत की खबर लोगो के कानो तक पहूची लोगो का भारी हुजूम लगता चला गया और सभी की आखो से सोनू बरमैया के लिये आसू टपक पडे।

## कृष्णा पाटर मनोनीत हुए प्रजापति समाज छपारा के अध्यक्ष

**छपारा नवभारत।** नगर में प्रजापति समाज की कार्यकारिणी घोषित करने के उद्देश्य से 29 जून को कुम्हारी वार्ड स्थित पंचदेव मंदिर में सामाजिक बैठक का आयोजन किया गया जो सुबह 10 से शुरू हुई उक्त बैठक में नगर के बड़ी संख्या में समाजिक वरिष्ठ एवं युवा शामिल हुए जहां सभी की सहमति से अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष पदों के लिए क्रमबार नामों का प्रस्ताव रखा गया और सभी उपस्थित समाजिक जनों ने अपनी सहमति दे शांति और आनन्द पूर्ण वातावरण में कार्यकारिणी घोषित की गई जिसमेंसर्वसम्मति से कृष्णा पाटर का नाम अध्यक्ष पद हेतु महेश पाटर के द्वारा प्रस्तावित किया गया जिसमें उपस्थित सभी स्वजातीय बंधुओं द्वारा सहमति प्रदान कर निर्विरोध मनोनीत किया गया, उपाध्यक्ष पद के लिए छिद्दी पाटर



,सचिव पद मनोज पाटर , कोषाध्यक्ष पद मनोज बरदिया एवं कार्यकारिणी सदस्यों में जानकी बेंदे ,पूरन पाटर, इसके साथ ही कार्यकारिणी के युवा सदस्यों में महेश पाटर , मोहन पाटर , राजेश ,वसंत बरदिया , मोहन पाटर , यशवंत बेंदे,बसंत पाटर , आशीष (गज्जु) बेंदे , अरविन्द पाटर ,संजय पाटर , अम्बर पाटर को चुना गया सभी को समाज के विकास, शिक्षा और समृद्धि की ओर अग्रसर किए जाने को लेकर शुभकामनाएं दीं गई।

## कोतवाली पुलिस ने ग्राम नरेला और बम्होड़ी में लगाई साइबर चौपाल, ग्रामीणों को किया जागरूक

**सिवनी,नवभारत।** जिले में साइबर अपराधों की रोकथाम और आमजन को डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक बनाने के उद्देश्य से कोतवाली पुलिस द्वारा मध्यप्रदेश पुलिस के सेफ क्लिक अभियान 2.0 के तहत ग्राम नरेला एवं ग्राम बम्होड़ी में साइबर चौपाल का आयोजन किया गया। दोनों ग्रामों में दो-दो अलग-अलग स्थानों पर आयोजित चौपालों में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, पंचायत प्रतिनिधियों तथा जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। जिले में साइबर अपराधों के प्रति संवेदनशील पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं एसडीओपी सिवनी सचिन परते के मार्गदर्शन में आयोजित इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में साइबर सुरक्षा के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना और लोगों को ऑनलाइन ठगी से बचने के लिए आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराना रहा।

साइबर चौपाल में एसडीओपी सचिन परते, थाना प्रभारी सतीश तिवारी, उपनिरीक्षक राजेश शर्मा




एवं नरेन्द्र उपाध्याय ने सरपंच, सचिव, पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों को विभिन्न प्रकार के साइबर अपराधों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान ग्रामीणों को केवाईसी अपडेट के नाम पर होने वाली ठगी, ओटीपी फ्रॉड, यूपीआई फ्रॉड, सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी, सोशल मीडिया सुरक्षा, एटीएम कार्ड एक्सचेंज एवं क्लोनिंग, फर्जी कॉल और लिंक के माध्यम से बैंकिंग जानकारी हासिल करने वाले साइबर अपराधियों के तरीकों से सावधान रहने की सलाह दी गई।

किसी भी प्रकार की ऑनलाइन ठगी होने पर तत्काल 1930 हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराने तथा एनसीआरपी पोर्टल के माध्यम से रिपोर्ट करने की प्रक्रिया समझाई गई।

## एक नजर में

### सैफ क्लिक जागरूकता अभियान के तहत जनसंवाद



सिवनी। पुलिस मुख्यालय टीम निरीक्षक ओमेश्वर ढाकरे के साथ मातृशक्ति संगठन व नेकी की राह सामाजिक संस्थाओं के सराहनीय सहयोग से ग्राम बोरदेई हाई स्कूल में सैफ क्लिक जागरूकता कार्यक्रम गतिविधियां, हड्डी गोदाम सैफ क्लिक जागरूकता कार्यक्रम मोहल्ला मिटिंग जन संवाद एवं ग्राम पंचायत बोरदेई सैफ क्लिक जागरूकता चौपाल आयोजित की गई। जनसंवाद,नुक्कड़ सभा,चर्चा,मोहल्ला मिटिंग कर सायबर जागरूकता अभियान व सुरक्षा के संबंध में बहुत सारी जानकारी व साइबर हेल्प लाइन 1930 के बारे में बताया गया। जागरूकता की जानकारी के पोस्टर्स प्रदान कर *क्या करें क्या न करें* के बारे में विस्तार से समझाया गया।

### पल्स पोलियो अभियान के तहत बच्चों को पिलाई दवा



उगली । गत दिवस संपूर्ण मध्य प्रदेश में 28 जून दिन रविवार को 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को दो बूंद जिंदगी की ,पल्स पोलियो की दवा पिलाई गई, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उगली में उपस्थित आशा कार्ता व स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति में आंगनबाड़ी केंद्रो में,स्कूल परिसर,सार्वजनिक स्थान पर जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में स0 से 5 वर्ष तक बच्चों को महिला बाल विकास कल्याण और स्वास्थ्य मंत्रालय के संयुक्त उधम के अंतर्गत पोलियो बीमारी की रोकथाम के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से बच्चे कमजोर ना हो, इसी के अंतर्गत यह अभियान चलाया जाता है, प्रत्येक 0 से 5 वर्ष तक बच्चों को पोलियो की दवा आवश्यक रूप से पिलाई जाती है,जिससे बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास अच्छे से हो सके सभी पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से बचा जा सके

### केवलारी में बच्चों को पिलाई गई 'दो बूंद जिंदगी की'



केवलारी। राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत नगर परिषद केवलारी के वार्ड क्रमांक 14 स्थित शंकर मढ़िया में रविवार को पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाई गई। अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने बच्चों को दो बूंद जिंदगी की पिलाकर अभिभावकों को पोलियो उन्मूलन के प्रति जागरूक किया। इस अभियान के तहत बड़ी संख्या में अभिभावकों ने अपने बच्चों को पोलियो की खुराक दिलाकर अभियान को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर युवा समाजसेवी पत्रकार प्रवीण दुबे ने क्षेत्रवासियों से अपने पांच वर्ष के तक के सभी बच्चों को अनिवार्य रूप से पोलियो की दवा पिलाने का आग्रह किया।

## शौर्य कराटे ट्रेनिंग सेंटर बरघाट ने पायी स्वर्णिम सफलता

**बरघाट नवभारत।** सिको काई इंटरनेशनल मध्य प्रदेश सेज यूनिवर्सिटी भोपाल द्वारा 27-28 जून को भोपाल में आयोजित (ओपन ऑल इंडिया कराटे टूर्नामेंट) में शौर्य कराटे ट्रेनिंग सेंटर, बरघाट के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया।

भव्य मर्सकोले ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए (स्वर्ण पदक) अपने नाम किया, वहीं पूनम चौधरी ने भी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सेंटर एवं क्षेत्र का गौरव बढ़ाया।

इन खिलाड़ियों के प्रशिक्षक शौर्य कराटे ट्रेनिंग सेंटर, बरघाट के संचालक एवं जिला कराटे संघ के प्रशिक्षक सेंसेई संस्कार पटले हैं। यह दल जिला कराटे संघ के सचिव शिहान ओमकार कश्यप के नेतृत्व एवं सेंसेई राधिका कश्यप के मार्गदर्शन में प्रतियोगिता में शामिल हुआ।

सेंसेई संस्कार पटले ने बताया




कि मात्र 7 वर्ष की आयु में भव्य मर्सकोले ने अपनी निरंतर मेहनत, अनुशासन, नियमित अभ्यास तथा अपने प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन के बल पर यह शानदार उपलब्धि हासिल की है। इतनी कम उम्र में (ओपन ऑल इंडिया कराटे टूर्नामेंट) में स्वर्ण पदक जीतकर उन्होंने अपने परिवार, बरघाट क्षेत्र, सिवनी जिले एवं मध्य प्रदेश का नाम गौरवान्वित किया है तथा कराटे जगत में अपनी एक अलग पहचान बनाई है।

उन्होंने विश्वास जताया कि यदि भव्य इसी समर्पण, मेहनत और अनुशासन के साथ आगे भी अभ्यास करता रहा, तो वह आने वाले समय में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का नाम भी रोशन करेगा।

शौर्य कराटे ट्रेनिंग सेंटर, बरघाट एवं जिला कराटे संघ की ओर से भव्य मर्सकोले एवं पूनम चौधरी को इस शानदार उपलब्धि पर हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ।

## छपारा पुलिस ने नाबालिग को किया दस्तयाब

**छपारा नवभारत।** एक नाबालिग बालिका को छिंदवाड़ा से आरोपी के कब्जे से सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंपने में सिवनी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है जहां

कृष्ण लालचंदानी के निर्देश पर साइबर सेल व तकनीकी साक्ष्यों से हुई कार्रवाई गई तो वहीं आरोपी गिरफ्तार कर पाक्सो एक्ट सहित गंभीर धाराएं बढ़ाई गईं। छपारा पुलिस ने महज 48 घंटे के भीतर अपहृत 17 वर्षीय नाबालिग बालिका को दस्तयाब करने में सफलता प्राप्त की है।

बताया गया कि विगत दिनांक 26.06.2026 को प्रार्थी ने थाना छपारा में रिपोर्ट दर्ज कराई कि दिनांक 25.06.2026 की रात्रि 22:00 बजे से 26.06.2026 की प्रात: 06:00 बजे के मध्य उसकी नाबालिग बेटी को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। रिपोर्ट पर थाना छपारा में अपराध क्र. 289/26 धारा 137(2) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। गठित टीम द्वारा तत्काल घटनास्थल पहुंचकर तलाश प्रारंभ की गई। सूचना पर तत्काल रवाना होकर पुलिस टीम ने साइबर टीम व स्थानीय पुलिस के समन्वय से ग्राम सर्रा, जिला छिंदवाड़ा से अपहृता को आरोपी के कब्जे से सकुशल दस्तयाब किया और आवश्यक वैधानिक कार्रवाई उपरांत नाबालिग को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

वहीं वैधानिक कार्रवाई अपहृता के कथनों के आधार पर प्रकरण में धारा 87, 64(2)एम बीएनएस एवं 5एल/6 पाक्सो एक्ट की धाराओं का इजाफा किया गया। आरोपी जयदीप पिता जगराम धुर्वे, उम्र 20 वर्ष, निवासी ग्राम भारतेदनी, थाना छपारा जिला सिवनी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया।



### छपारा में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का हुआ आगाज

**छपारा।** नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान 2026 में बच्चों को स्वास्थ्य केन्द्र में बूथ पर पल्स पोलियों खुराक पिलाई जा रही है वहीं दोपहर कांग्रेस पार्टी के क्षेत्रीय व केवलारी विधायक ठाकुर रजनीश हरवंश सिंह एवं भाजपा सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन एक साथ पहुंचे जहां दोनों के द्वारा वहां पहुंचकर पल्स पोलियो अभियान 2026 में अपनी सहभागिता दर्ज कराई गई वहीं दो जनप्रतिनिधियों के पहुंचने पर माहौल उत्साह और उमंग से भर उठा।

## युद्धविराम की मांग को लेकर प्रधानमंत्री के नाम सौंपा गया ज्ञापन

**सिवनी नवभारत।** मध्यप्रदेश मुस्लिम विकास परिषद द्वारा फिलिस्तीन के गाजा क्षेत्र में मासूम बच्चों एवं निर्दोष नागरिकों की सुरक्षा, स्थायी युद्धविराम तथा मानवीय सहायता बढ़ाने की मांग को लेकर भारत के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम जिला कलेक्टर, सिवनी के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में परिषद ने गाजा की गंभीर मानवीय स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए भारत सरकार से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शांति, न्याय एवं निर्दोष नागरिकों की सुरक्षा के लिए प्रभावी कूटनीतिक पहल करने का आग्रह किया। परिषद ने कहा कि भारत की विदेश नीति सदैव मानवता, शांति और वसुधैव



कुटुम्बकम् की भावना पर आधारित रही है तथा इस दिशा में भारत की सक्रिय भूमिका महत्वपूर्ण है।

परिषद ने फिलिस्तीनी शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत एवं कार्य एजेंसी को भारत सरकार द्वारा दी जा रही सहायता की सराहना करते हुए इसे भारत की मानवीय प्रतिबद्धता का प्रतीक बताया तथा भविष्य में भी राहत एवं सहायता बढ़ाने की अपेक्षा व्यक्त की। प्रदेश संगठन महामंत्री शोएब राजा खान ने कहा कि भारत हमेशा मानवता और न्याय का पक्षधर रहा है तथा विश्व समुदाय को निर्दोष बच्चों और नागरिकों की सुरक्षा के लिए एकजुट होकर कार्य करना चाहिए। जिलाध्यक्ष साजिद खान ने कहा कि यह ज्ञापन किसी राजनीतिक उद्देश्य से नहीं, बल्कि मानवता, शांति और मासूम बच्चों के जीवन की रक्षा के उद्देश्य से सौंपा गया है। परिषद को विश्वास है कि भारत सरकार इस गंभीर मानवीय विषय पर संवेदनशीलता के साथ आवश्यक कदम उठाएगी।

इस अवसर पर प्रदेश संगठन महामंत्री शोएब राजा खान, जिलाध्यक्ष साजिद खान, जिला सचिव फैजान खान, लीगल एडवाइजर एडवोकेट मतीन खान, एडवोकेट सलमान खान, एडवोकेट आबिद फातिमा, एडवोकेट केशव रजक एवं तुषार भलावी उपस्थित रहे।




## शिक्षिका पूजा पांडे ने निक्षय मित्र बन बांटी पोषण किट

**सिवनी नवभारत।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के टीबी मुक्त भारत अभियान को साकार करने की दिशा में शासकीय स्कूलों के शिक्षक भी बढ़-चढ़कर अपनी सहभागिता निभा रहे हैं। इसी कड़ी में स्थानीय नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सिवनी की कर्मठ शिक्षिका पूजा पांडे ने एक अनुकरणीय पहल की है।

श्रीमती पांडे ने सामाजिक उत्तरदायित्व का परिचय देते हुए निक्षय मित्र के रूप में अपना पंजीकरण कराया और क्षय रोग (टीबी) से पीड़ित मरीजों को गोद लेकर उन्हें विशेष पोषण किट वितरित की। निक्षय मित्र बनीं शिक्षिका पूजा पांडे ने बताया कि टीबी की बीमारी से पूरी तरह ठीक होने के लिए दवाओं के साथ-साथ उच्च प्रोटीन और पौष्टिक आहार की बेहद जरूरत होती है। इसी उद्देश्य से मरीजों को दालें, मूंगफली, पोषण सप्लीमेंट्स और अन्य जरूरी खाद्य सामग्रियों से युक्त पोषण किट प्रदान की गई है। उन्होंने मरीजों को आश्वस्त किया कि वे इस लड़ाई में अकेले नहीं हैं, बल्कि पूरा समाज उनके साथ खड़ा है। टीबी का इलाज संभव है, बशर्ते मरीज को सही समय पर दवा और सही पोषण मिले। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग टी बी के जिला छह अधिकारी डॉक्टर जयज काकोड़िया एवं अन्य स्टाफ और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

**मांग** उच्च स्तरीय जांच एवं कठोर कार्रवाई के लिए ग्रामीणों ने उठाई आवाज

## मोहगांव सड़क स्थित सोनी होटल में बिक रही अवैध शराब

**सिवनी नवभारत।** ग्राम मोहगांव सड़क, तहसील कुरई, जिला सिवनी में लंबे समय से कथित रूप से संचालित सोनी होटल ढाबा जिसके मालिक अरुण सोनी है सोनी होटल को उनके चचेरे भाई अखलेश सोनी पिता संतोष सोनी के द्वारा संचालित कर अवैध शराब बिक्री जोरो से की जा रही हैं शाम के समय सोनी होटल में शराब के जाम छलकते है सोनी होटल अवैध अहाता में बदल जाता हैं सोनी होटल जिसका शराब बेचते हुए ओर लोगो को होटल में बैठलकर शराब पिलाते हुए वीडियो भी आया है जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। इस संबंध में ग्रामीणों द्वारा

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के




अनुसार अखलेश सोनी के द्वारा गांजा भी बढ़ी मात्रा में बेचा जाता है जिसके कारण मोहगांव में छोटी बड़ी दुकानों में गांजे का अवैध कार्य फल फूल रहा है।

सूत्रों से लगी जानकारी के अनुसार यह सोनी होटल अरुण सोनी का है जो कि सोने चांदी के विक्रेता है इनके द्वारा भी कुरई आदिवासी अंचल क्षेत्र में सोने चांदी की गिरवी रखते है और गरीब आदिवासियों से 3 से 5 प्रतिशत तक ब्याज वसूली करते हैं जो कि आदिवासी क्षेत्र ओर सहकारिता नियम के विपरीत है नियम के अनुसार 1 प्रतिशत से अधिक ब्याज नहीं लिया जा सकता एवं गिरवी रखे गए जेवरात की पक्की रसीद देकर ब्याज का उल्लेख करना अनिवार्य है यह भी जांच का विषय है। इनके द्वारा बोला जाता है कि शासन प्रशासन हमसे सब सेट है पुलिस को आबकारी को ठेकदार ओर हमारे द्वारा पैसा दिया जाता है हमारा कुछ नहीं कर सकते हम शराब गांजा बेचते रहेंगे।

मुख्यमंत्री, अपर मुख्य सचिव (गृह), आबकारी विभाग एवं जिला प्रशासन को विस्तृत शिकायत भेजकर पूरे मामले की निष्पक्ष एवं उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की गई है। शिकायत में कहा गया है कि ग्राम में कुछ स्थानों पर लंबे समय से अवैध शराब का भंडारण एवं विक्रय होने की शिकायतें लगातार मिल रही हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि इस संबंध में पुलिस एवं आबकारी विभाग को पूर्व में भी कई बार शिकायतें दी गईं, किंतु प्रभावी एवं स्थायी कार्रवाई नहीं होने के कारण कथित अवैध गतिविधियां बंद नहीं हो सकीं।

शिकायतकर्ताओं ने विशेष रूप से ग्राम स्थित सोनी ढाबा का उल्लेख करते हुए मांग की है कि संबंधित प्रतिष्ठान की निष्पक्ष जांच कराई जाए। उनका कहना है कि यदि बिना पूर्व सूचना के पुलिस एवं आबकारी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा आकस्मिक छापामार कार्रवाई की, तो वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकती है। ग्रामीणों ने यह भी मांग की है कि जांच स्थानीय स्तर तक सीमित न रखी जाए, बल्कि किसी वरिष्ठ अधिकारी अथवा विशेष टीम से कराई जाए.

### भूतपूर्व सैनिकों एवं परिजनों के लिए स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

सिवनी। जिले के भूतपूर्व सैनिकों, उनकी विधवाओं एवं आश्रितों के लिए सोमवार को जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, सिवनी में ईसीएचएस पॉलीक्लीनिक टाइप ई जबलपुर की मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर में डॉ. शिवम एवं उनकी चिकित्सा टीम ने उपस्थित लाभार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक परामर्श दिया तथा नि:शुल्क दवाइयों का वितरण किया।

**किराए से देना**

अनमोल रेसीडेंसी, आशिर्वाद पेलेस के सामने, वरदान नेत्रालय के बाजू मे ज्यारत मे टू-बी.एच.के. मकान एवं मकान से सटी 14X18 तीन दुकान किराए से देना है।

संपर्क करे

6264000057

**कार्यालय नगर परिषद लखनादौन, जिला सिवनी (म.प्र.)**

फोन नं.- 07690-240139 ईमेल - cmolakhnadoan@mpurban.gov.in

क्रमांक/219/लो.नि.शा./न.परि./ 2026 **द्वितीय निविदा सूचना** लखनादौन, दिनांक :- 29/06/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है ।

| टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 2026_UAD_ 514771_2 दि. 10.06.2026 | नगर परिषद लखनादौन के आजाद वार्ड, वार्ड क्रमांक 02 में बेसिक स्कूल के बाजू से स्थित आर.सी.सी. पानी की टंकी को मैन्युअल ध्वस्तीकरण कार्य। | 07 दिन, 2,00,000/- | 2,000/- 4,000/- | 06/07/2026 |

शर्त :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in की वेबसाईड पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी,
नगर परिषद लखनादौन जिला - सिवनी (म.प्र.)